# खुले में गंदगी करने पर 5 व्यक्तियों पर जुर्माना

**रतलाम।** कलेक्टर एवं प्रशासक नगर पालिक निगम रतलाम कुमार पुरुषोत्तम के निर्देशानुसार नगर में ऐसे दुकानदार व नागरिक जो कि खुले में कचरा डालकर शहर को गंदा करते हैं, मलबा डालकर अतिक्रमण करते है उन पर लगाम लगाने हेतु संबंधितों पर स्पॉट फाईन की कार्यवाही की जा रही है जिसके तहत 28 दिसम्बर को 5 व्यक्तियों पर जुर्माना किया गया। निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया के निर्देशानुसार खुले में गंदगी करने पर भगवानलाल जीपीओ रोड पर 1000, महेश, अजय जीपीओ रोड पर 100-100, राकेश, दिलीप जीपीओ रोड पर 50-50 रूपये का स्पॉट फाईन कर भविष्य में गंदगी ना करने की समझाईश दी। इसके अलावा नगर विभिन्न क्षेत्रों में बिना मास्क वाले 20 व्यक्तियों पर 100-100 रूपये का स्पॉट फाईन पर मास्क अनिवार्य रूप से लगाने की समझाईश दी गई।

सिंहासन 29

सिंहासन 29/12/21

# 20 पर मास्क नहीं लगाने का जुर्माना

नवभारत

रतलाम। नगर निगम के दल ने 20 पर मास्क नहीं लगाने पर जुर्माना किया। दल ने नगर के विभिन्न क्षेत्रों में बिना मास्क वाले 20 व्यक्तियों पर 100-100 रूपये का स्पॉट फाईन पर मास्क अनिवार्य रूप से लगाने की समझाईश दी गई। वहीं स्पॉट फाईन की कार्यवाही में 28 दिसम्बर को 5 व्यक्तियों पर जुर्माना किया गया।

नवभारत 30/12/21

चार स्थान से गोदाम हुए खाली

# चेतावनी देते ही हटाया कबाड़ गोदाम



रतलाम. शहर में ज्वलनशील व कबाड़ सामान के खिलाफ अभियान में अधिकारी मोमीनपुरा सहित अन्य क्षेत्र में गए व एक दिन की मोहलत देते हुए कबाड़ा आदि को हटाने को कहा, इसके बाद शहर के चार स्थान से कारोबारियों ने अपने गोदाम स्वयं ही हटा लिए।

मोमीनपुरा, जावरा रोड, नाहरपुरा, श्रीमालीवास क्षेत्र में राजस्व अनुविभागीय अधिकारी अभिषेक गेहलोत, नगर पुलिस अधीक्षक हेमंत चौहान व नगर निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया पहुंचे व कबाड़ा कारोबारियों से चर्चा की। चर्चा के बाद गुरुवार तक की मोहलत कारोबारियों को अपना सामान हटाने के लिए दी। अधिकारियों के जाते ही कबाड़ का कारोबार करने वालों ने स्वयं ही इनको हटा लिया।

बता दे कि मंगलवार को जब अधिकारी विरियाखेड़ी क्षेत्र में कबाड़ा आदि हटाने गए थे तो स्थानीय निवासियों ने नाराजी प्रकट की थी। इसके बाद शहर विधायक काश्यप के निवास के बाहर प्रदर्शन भी किया था, जिनको एसडीएम गेहलोत ने समझाकर रवाना किया था। पत्रिका

**कबाड़ा गोदाम हटवाने मोमिनपुरा पहुंचे निगम-प्रशासन के अधिकारी**- शहर के मोमिनपुरा क्षेत्र में बुधवार को प्रशासन के साथ नगर निगम और पुलिस का अमला कबाड़ा हटवाने के लिए पहुंचा। यहां पर एसडीएम अभिषेक गेहलोत ने गली में करीब तीन लोगों को उनके कबाड़ा गोदामों को तत्काल अनयत्र शिफ्ट करने के निर्देश दिए। इस बात को लेकर व्यापारियों द्वारा एसडीएम से थोड़े समय की मोहलत मांगी लेकिन वह नहीं माने।

शहर में चल रही कार्रवाई के इस दौर के बीच निगम-प्रशासन का अमला पहले नाहरपुरा क्षेत्र में पहुंचा और कबाड़ व्यवसायी को यहां से कबाड़ा हटाए जाने के निर्देश दिए गए। इसके बाद टीम मोमिनपुरा पहुंची तो कुछ लोगों द्वारा कार्रवाई का विरोध भी दर्ज कराया गया लेकिन एसडीएम ने सभी को फटकार लगाते हुए चुप करा दिया। उसके बाद दुकानदार मान गए। एसडीएम के साथ यहां पर नगर निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया, सीएमपी हेमंत चौहान भी मौजूद थे। निगम आयुक्त की माने तो यह कार्रवाई आगे भी जारी रहेगी।

पत्रिका 30/12/21

# आर्थिक सहायता स्वीकृत हो गई लेकिन मिली नहीं, साल भर में भी नहीं हुआ नामांतरण

## जिला स्तरीय जनसुनवाई में 32 आवेदनों के निराकरण हेतु संबंधित विभागों को निर्देशित दिए

• रतलाम

जिला स्तरीय जनसुनवाई मंगलवार को जिला कलेक्टोरेट सभाकक्ष में आयोजित हुई। कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम, अपर कलेक्टर एम.एल.आर्य, सीईओ जिला पंचायत श्रीमती जमुना भिडे, एसडीएम अभिषेक गेहलोत, डिप्टी कलेक्टर सुश्री कृतिका भीमावद, सुश्री मनीषा वास्कले द्वारा 32 प्रकरणो की सुनवाई करते हुए संबंधित विभाग को निराकरण के निर्देश दिए। इस अवसर पर अन्य अधिकारी उपस्थित थे।



जनसुनवाई में ग्राम भाटी बडौदिया निवासी श्रीमती लीलाबाई पति स्व. रतनलाल ने आवेदन देते हुए बताया कि मेरे पति की मृत्यु हो जाने के कारण प्रार्थिया की स्थिति काफी दयनीय हो चुकी है। पति का देहान्त होने के उपरांत प्रार्थिया को 20 हजार रुपए की आर्थिक सहायता स्वीकृत की गई थी परन्तु आज दिनांक तक उक्त राशि प्रार्थिया को नहीं मिल पाई है। अत: तत्काल सहायता राशि दिलवाई जाए। प्रकरण निराकरण हेतु संबंधित विभाग को भेजा गया है। ग्राम धराड वार्ड क्र.1 निवासी ईश्वरलाल परमार ने जनसुनवाई में आवेदन में बताया कि प्रार्थी आदिवासी समाज से होकर विगत 28 वर्षों से नगरा रोड धराड पर कच्चा मकान बनाकर निवास कर रहा है। साथ ही कई परिवार भी वार्ड नं. 1 में कच्चे मकान में निवासरत है जिनके पास पट्टा नहीं है। प्रधानमंत्री आवास योजना तथा मुख्यमंत्री योजना के तहत सभी को पट्टा आवंटित किया जाए। प्रकरण निराकरण हेतु एसडीएम रतलाम ग्रामीण को भेजा गया है। रोशन पिता रतनलाल भानुका निवासी धराड ने बताया कि प्रार्थी की भूमि ग्राम धराड में स्थित है तथा प्रार्थी के माता-पिता का देहान्त हो चुका है। प्रार्थी ने भूमि के नामान्तरण तथा बंटवारे के लिए एक वर्ष पूर्व लोक सेवा केन्द्र में आवेदन दिया था परन्तु आज दिनांक तक नामान्तरण तथा बंटवारा नहीं हो पाया है। पटवारी से बात करने पर वह टालमटोल करते रहते हैं। प्रार्थी वर्तमान में मजदूरी कर अपना गुजर-बसर कर रहा है और उसकी आर्थिक स्थिति भी काफी दयनीय है। गांव के ही कुछ लोगों द्वारा प्रार्थी की जमीन पर कब्जा कर खेती की जा रही है, उसके बदले में मुझे ना तो अनाज दिया जाता है और ना ही रुपए दिए जाते हैं। अत: प्रार्थी को भूमि का नामान्तरण करके पावती व भूमि का कब्जा दिलवाया जाए। प्रकरण निराकरण हेतु तहसीलदार ग्रामीण को भेजा गया है।

अग्निबाण २९/१२/२१

## आज अलकापुरी कम्युनिटी हॉल पर शिविर

रतलाम, नप्र। नगर निगम से संबंधित कर जमा कराने के लिए नगर निगम वार्डवार शिविर लगा रहा है, ताकि रहवासियों को नगर निगम का बकाया कर जमा कराने में आसानी हो। आज निगम का बकाया वसूली शिविर अलकापुरी कम्यूनिटी हॉल पर लग रहा है। हाल ही में गांधीनगर में लगे शिविर में नागरिकों ने संपत्तिकर में तीन लाख अट्ठाईस हजार आठ सौ बाइस रुपए, जलकर में चौवन हजार आठ सौ पचास, मालवानगर लक्ष्मणपुरा में संपत्तिकर में एक लाख बासठ हजार पांच सौ पचहत्तर और जलकर में चौतीस हजार पांच सौ बीस रुपए, जवाहर नगर अम्बे माता मंदिर के पास शिविर में संपत्तिकर के 3 लाख दो हजार तेरह रुपए, जलकर के तिरसठ हजार चार सौ पचास, विनोबा नगर पानी टंकी के पास शिविर में संपत्तिकर की बकाया राशि एक लाख पचासी हजार दो सौ बानवे और जलकर की एक लाख उन्नीस हजार सात सौ बीस रुपए की राशि जमा कराई।

प्रभातकिरण 29/12/21

## नगर निगम सफाई कर्मचारी संघर्ष समिति ने दिया ज्ञापन

रतलाम। अभा वाल्मीकि महापंचायत द्वारा नगर निगम सफाई कर्मचारी संघर्ष समिति के सदस्यगणों पर हुई एफआईआर एवं जिला बदर की कार्रवाई के विरोध में रतलाम सिटी तहसीलदार गोपाल सोनी को ज्ञापन देकर सदस्यों पर दर्ज हुए मुकदमे वापस लेने की मांग की गई। इस अवसर पर प्रदेश महासचिव शैलेंद्र मेहना जिला अध्यक्ष अमर गिरजे, नगर अध्यक्ष लोकेश डिंडोरे, जिला संयोजक निर्मल हडे, ब्रजमोहन खरे, चंदन तवर चंदन निगम, नगर महामंत्री निक्की गिरजे, दीपक रील, प्रवीण पारोचे, विनय भाटी आदि कार्यकर्ता मौजूद थे।

अग्निबाण 29/12/21

## आवास योजना में दिव्यांगों को प्राथमिकता मिले

रतलाम | दिव्यांगों को पीएम आवास योजना में प्राथमिकता दी जाए। पूर्व में एलिम्को द्वारा हुए परीक्षण शिविर के दिव्यांगों जल्द से जल्द उपकरण दिए जाए। 1 से 5 तारीख तक पेंशन दी जाए। दिव्यांग अधिकार अधिनियम के तहत सभी अधिकारियों का एक दिनी कार्यशाला सहित अन्य मांगों को लेकर दिव्यांगों ने जिला प्रशासन को ज्ञापन दिया। मप्र विकलांग मंच द्वारा दिए ज्ञापन के दौरान जिलाध्यक्ष राजेश परमार, महासचिव किरण पाटीदार, ईश्वरलाल वर्मा, लोकेश वाघमारे, मुकेश पाटीदार, गौरव सिसौदिया सहित अन्य मौजूद रहे। भास्कर

दै. भास्कर 30/12/21

# आयुक्त ने कहा कि आधे घंटे में खाली करें जगह, नहीं हटीं दुकानें, स्पोर्ट्स की दुकान तो रात तक खुली रही

## मामला त्रिवेणी मेले में निजी जमीन पर दुकानें का, आयुक्त बोले : प्राइवेट लैंड पर दुकानें नहीं लगा सकते

**भास्कर संवाददाता** | रतलाम

त्रिवेणी मेले में निजी जमीन पर दुकानें लगाकर मेला कारोबारियों को आवंटित करने के मामले में बुधवार सुबह आयुक्त सोमनाथ झारिया मेले में पहुंचे। उन्होंने संत नगर में लगी दुकानों को आधे घंटे में खाली करने को कहा था। उनके निर्देश का कोई असर रात तक नहीं हुआ और रात को भी एक दिन पहले जैसे ही स्थिति रही। दुकानदारों ने दुकानें हटाई तक नहीं। यही नहीं स्पोर्ट्स के एक दुकानदार ने रात को दुकान खोलकर कारोबार किया। इससे आयुक्त के आदेश का कोई असर दुकानदारों पर नहीं हुआ।

त्रिवेणी मेला 24 दिसंबर शुरू हुआ है। यह सरकारी मेला है। इससे नगर निगम ने मेला कारोबारियों को यहां दुकानें आवंटित की। ताकि कारोबार हो सकें। लेकिन, पास में ही संत नगर में निजी जमीन पर भी दुकानें आवंटित कर दी। जबकि, जिला प्रशासन और नगर निगम के अफसरों ने मेला लगने के पहले क्षेत्र का निरीक्षण किया था। तब त्रिवेणी गेट के बाहर संत नगर में मेले में दुकानें नहीं लगाने के निर्देश दिए थे। बावजूद दुकानें लगा दी। इस पर भास्कर ने समाचार प्रकाशित किया था। कलेक्टर के निर्देश पर आयुक्त पहुंचे थे और स्थल का निरीक्षण किया और दुकानदारों को आधे घंटे में जगह खाली करने के निर्देश दिए थे।

निरीक्षण के दौरान आयुक्त ने बताया कि संतनगर में दुकानें लगाने की शिकायत मिली थी। इस पर आधार पर निरीक्षण किया था। मेले में खूब जगह है। इससे संतनगर में दुकानदारों को वैकल्पिक जगह बता दी है। इससे दुकानदार वहां दुकानें लगा सकते हैं। यह सरकारी मेला है। इससे प्राइवेट लैंड या कॉलोनी में मेला नहीं लगाया जा सकता है। लेकिन उनके ये निर्देश थोड़ी ही देर में हवा हो गए और दुकानें भी नहीं हटी।



मेले में दुकानों का निरीक्षण करते आयुक्त।

भास्कर

दै. भास्कर 30/12/21

# बिरियाखेड़ी से ज्वलनशील पदार्थ के 4 गोडाउन हटाये, 1 ने स्वयं हटा

सिंघम रिपोर्टर ☐ रतलाम

सिंघम - 29

कलेक्टर एवं निगम प्रशासक कुमार पुरूषोत्तम के निर्देशानुसार निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया, एसडीएम अभिषेक गेहलोत के निर्देशन में बिरियाखेड़ी से ज्वलनशील पदार्थ के गोडाउन हटाये जाने की कार्यवाही के तहत बिरियाखेड़ी क्षेत्र में मोहम्मद युसुफ-मोहम्मद रफीक, शांतिलाल-बुद्धाजी, अब्दुल शकुर-नाहर शाह, बानो बी-मोहम्मद शेख के गोडान हटाये गये कार्यवाही के दौरान मुबारिक खान-शकीर खान ने अपना गोडान स्वयं हटा लिया। इसी तरह मोहन नगर क्षेत्र में गोडाउन हटाने की कार्यवाही के दौरान निसार व 2 अन्य ने अपने गोडाउन स्वयं हटा लिये।



रतलाम शहर में मोहन नगर व लकड़पीठा क्षेत्र जैसी आगजनी की घटना भविश्य में ना हो इस हेतु कलेक्टर एवं निगम प्रशासक कुमार पुरुषोत्तम के निर्देषानुसार नगर निगम द्वारा नगर में कबाड़ सेन्टर, प्लास्टिक, प्लास्टिक से निर्मित सामग्री, लकड़ी, तेल, आयल, डीजल, गैस सिलेण्डर एवं अन्य खतरनाक वस्तुओं के गोडाउन व दुकानें हटाये जाने हेतु दिये गये नोटिस के बाद भी गोदाम नहीं हटाने पर गोदाम हटाने निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया के निर्देशानुसार नगर निगम अतिक्रमण दल द्वारा ज्वलनशील पदार्थ व कबाड़ सेंटर हटाये जा रहे है। विशेषकर ऐसे कबाड़ा व्यवसायी व ज्वलनशील पदार्थो की व्यवसायी जिन्होंने शासकीय भूमि कबाड़ सेन्टर व गो
बनाकर कब्जा किया हुआ उन पर प्राथमि
से कार्यवाही की जायेगी।

निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया ने ब
कि वर्तमान समय में कलेक्टर
ज्वलनशील पदार्थों के भण्डारण पर धारा
लागू की गई है। नगर निगम के द्वारा 6
पूर्व ज्वलनशील पदार्थों का भण्डारण व
वाले व्यापारियों को अपने गोडाउन शहर
हटाने का नोटिस जारी किये गये थे।
व्यापारी जिन्होंने नोटिस जारी होने के बाद
ज्वलनशील पदार्थ कबाड़ सेन्टर, प्लास्टि
प्लास्टिक से निर्मित सामग्री, लकड़ी, ते
आयल, डीजल, गैस सिलेण्डर एवं अन्य मा
जीवन के लिये हानिकारक खतरनाक वस्तु
के गोडाउन नहीं हटायें है वे घहर से तल्क
अपने गोडाउन हटा लें अन्यथा नगर निगम ए
के तहत चलाये जा रहे अभियान के तहत हटा
जाकर संबंधित के विरुद्ध दण्डात्मक कार्यवा
की जायेगी।

सिंघम - 29/12/21

# निगम कर्मचारियों की मांग कलेक्टर के समक्ष रखी



## कलेक्टर ने दिया आश्वासन

सिंघम रिपोर्टर ☐ रतलाम

अजाक्स के प्रांतीय सचिव माननीय बिरोलिया के आदेश पर रतलाम नगर निगम कर्मचारियों के हित की बात रखने के लिए रतलाम अजाक्स जिला अध्यक्ष चंद्रशेखर लश्करी द्वारा जिलाधीश कुमार पुरुषोत्तम के समक्ष मांगे प्रस्तुत की।

जिस पर कलेक्टर ने आश्वासन दिया की सफाई कर्मचारियों के हितों का ध्यान रखा जाएगा उनके नियमितीकरण और विनियमितीकरण के कार्य शीघ्रता से पूरे किए जाएंगे। इस अवसर पर नगर निगम के कमिश्नर सोमनाथ झारिया भी उपस्थित थे। अजाक्स के प्रतिनिधिमंडल में जिला ऑडिटर राकेश बोरिया, सलाहकार लाखन सिंह टैगोर, यशवंत पथ रोड आदि उपस्थित थे। सिंघम-29

सिंघम 29/12/21

# अमृत सागर तालाब से जलकुंभी निकालने के लिए एक्वेटिक विड हार्वेस्टर मशीन की पूजा-अर्चना व फीता काटकर किया लोकार्पण

**रतलाम।** अमृत सागर तालाब से जलकुंभी निकालने के लिए एक्वेटिक विड हार्वेस्टर मशीन क्रय करना अमृत सागर तालाब के संरक्षण व संवर्धन, उन्नयन एवं समेकित प्रबंधन परियोजना का पहला चरण है। इससे जलकुंभी की सफाई के बाद अमृत सागर तालाब का स्वरूप निखरेगा। इसके बाद इसके सहित पूरे क्षेत्र को पर्यटन स्थल के रूप में विकसित किया जाएगा।

उक्त उद्गार विधायक रतलाम शहर चेतन्य काश्यप ने एक करोड़ रु. लागत की एक्वेटिक विड हार्वेस्टर मशीन के लोकार्पण अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में व्यक्त किए। उन्होंने कहा कि इस मशीन से अमृत सागर तालाब की जलकुंभी से निजात मिलेगी। उन्होंने कहा कि भविष्य में फिर जलकुंभी तालाब में ना पनपे, इस हेतु योजना के तहत नालों पर वेटलेंड का निर्माण एवं पानी का ट्रीटमेंट किया जाकर तालाब में छोड़ा जायेगा। सीवरेज योजना के तहत घरेलू कनेक्शन हो जाने के बाद लगभग 10 हजार घरों का गंदा पानी भी तालाब में नहीं मिलेगा।

मुख्य अतिथि श्री काश्यप ने कहा कि अमृत सागर तालाब को पिकनिक स्पॉट के रूप में विकसित किया जायेगा जिससे रोजगार के अवसर प्राप्त होंगे। उन्होंने इस अवसर पर कहा कि तालाब के चारों ओर सड़क, तालाब की पिचिंग का निर्माण करवाया जायेगा साथ ही गढ़ कैलाश क्षेत्र का विकास किया जाकर हरिद्वार में ऋषिकेश मार्ग पर लगी भगवान शिव की प्रतिमा जैसी प्रतिमा का निर्माण कराया जाएगा।

पूर्व निगम अध्यक्ष अशोक पोरवाल, पूर्व क्षेत्रीय पार्षद प्रतिनिधि राकेश मीणा ने भी उद्बोधन दिया। निगमायुक्त सोमनाथ झारिया ने स्वागत उद्बोधन देते हुए अमृत सागर तालाब के संरक्षण व संवर्धन, उन्नयन एवं समेकित प्रबंधन परियोजना की जानकारी से अवगत कराया। यह मशीन 10 वर्षों तक ठेके पर चलाई जायेगी जिसमें मशीन का मेंटेनेंस, ड्रायवर, हैल्पर, डीजल-पेट्रोल ठेकेदार का ही रहेगा।

निर्मल कटारिया, प्रदीप उपाध्याय, पूर्व महामंत्री मनोहर पोरवाल, कार्यालय मंत्री मनोज शर्मा, झुग्गी प्रकोष्ठ की प्रदेश सह संयोजक श्रीमती अनिता कटारिया, मंडल अध्यक्ष निलेश गांधी, मयूर पुरोहित, कृष्ण कुमार सोनी, कर्णधीर बड़गोत्या, आदित्य डागा, भाजयुमो अध्यक्ष विप्लव जैन, अल्प संख्यक मोर्चा जिलाध्यक्ष मंसूर जमादार, सह मीडिया प्रभारी अरूण त्रिपाठी, पूर्व महापौर परिषद सदस्य भगतसिंह भदौरिया, श्रीमती मनीषा शर्मा, पूर्व पार्षद सुशील सिलावट, मोहम्मद सलीम मेव, महेन्द्रसिंह चन्द्रावत, सतीश भारतीय, श्रीमती ललीता पंवार, श्रीमती अनिता कटारा के अलावा राकेश परमार, नन्दकिशोर पंवार, हेमन्त राहौरी सहित निगम अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन मनोज शर्मा ने किया व आभार उपायुक्त विकास सोलंकी ने माना। इन्दौर

इन्दौर 30/12/21

# 45 दिनों से चल रहा सड़क का कार्य पूरा नहीं हुआ

## नालियां, नल तोड़े, रह [illegible]ी मूलभूत सुविधाओं से वंचित

**रतलाम ● स्वदेश समाचार**

चक्की वाली गली के नाम से( श्रीमाली बास )अस्पताल जाने वाली एप्रोच रोड को सीसी बनाने का काम कई दिनों से चल रहा है। सड़क ऐसी नहीं थी जिसे बनाना अभी जरूरी था लेकिन अभी क्यों बनी यह विषय जांच का हो सकता है? लेकिन फिलहाल गली के नागरिक परेशान है। नालियां तोड़ दी गई,नल तोड़ दिए, गली गटर की स्थिति में है।



पीने का पानी भी नसीब नहीं हो रहा है। जिनका ध्यान आकर्षित करना था किया, जैसी उम्मीद थी उन्होंने कुछ नहीं किया ? आयुक्त जी कहते है दिखवाता हूं ,उन्होंने इंजीनियर सा.से कहा भी लेकिन जनता की समस्या दूर नहीं हुई। जनता किसको अपनी बात कहे यह प्रश्न सबके सामने है लेकिन इसका उत्तर किसी के पास नहीं।

समाजसेवी हेमंत उपाध्याय ने भी बताया कि तोपखाने की मेन रोड का भी यही हाल है। 45 दिन हो गए,कोई सुनने वाला नहीं, रहवासियों को धूल से घुटन होती है। आवागमन बहुत मुश्किल से हो रहा है। नगर की छवि बाहर से आने जाने वालों के सामने खराब हो रही है। अंधेरी नगरी होता जा रहा है रतलाम...? स्वदेश

स्वदेश 30/12/21

# इंडिया गेट की मरम्मत का काम फिर रुका, तोप व बंदूक अभी भी टूटी है



रतलाम | शहर सराय स्थित मिनी इंडिया गेट की मरम्मत का काम शुरू किया था। यहां लगे शेर और उखड़ी फर्शियों को जोड़ा । इसके बाद फिर काम बंद हो गया। इससे अभी भी बंदूक और तोप टूटी है। सामाजिक कार्यकर्ता इक्का बैलूत ने बताया दिल्ली की तर्ज पर शहर में इंडिया गेट बनाया गया। यह शहर की धरोहर है। लेकिन रिपेयरिंग की तरफ किसी का ध्यान नहीं है। शिकायत की थी तो रिपेयरिंग का काम शुरू हुआ लेकिन यह फिर बंद हो गया है।

भास्कर

दैनिक भास्कर 30/12/21

# खुले में गंदगी करने पर 5 व्यक्तियों पर जुर्माना

प्रसारण न्यूज • रतलाम

कलेक्टर एवं प्रशासक नगर पालिक निगम रतलाम कुमार पुरुषोत्तम के निर्देशानुसार नगर में ऐसे दुकानदार व नागरिक जो कि खुले में कचरा डालकर शहर को गंदा करते हैं, मलवा डालकर अतिक्रमण करते है उन पर लगाम लगाने हेतु संबंधितों पर स्पॉट फाईन की कार्यवाही की जा रही है जिसके तहत 29 दिसम्बर को 5 व्यक्तियों पर जुर्माना किया गया।

निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया के निर्देशानुसार खुले में गंदगी करने पर भगवानलाल जीपीओ रोड पर 1000, महेश, अजय जीपीओ रोड पर 100-100, राकेश, दिलीप जीपीओ रोड पर 50-50 रूपये का स्पॉट फाईन कर भविष्य में गंदगी ना करने की समझाईश दी।

इसके अलावा नगर विभिन्न क्षेत्रों में बिना मास्क वाले 20 व्यक्तियों पर 100-100 रूपये का स्पॉट फाईन पर मास्क अनिवार्य रूप से लगाने की समझाईश दी गई।

नगर निगम द्वारा नागरिकों से भी अपील की जाती है कि शहर को गंदा करने वाले नागरिकों, दुकानदारों आदि की जानकारी सहायक स्वास्थ्य अधिकारी ए.पी. सिंह मो. नं. 7471144930, झोन प्रभारी पर्वत हाड़े मो. नं. 7471144931, किरण चौहान मो.नं. 7471144932, विनय चौहान मो.नं. 8770535145, विराट मेहरा 9770326691, स्पॉट फाईन दल के पवन झांझोट मो.नं. 7000128812, आकाश शिन्दे मो.नं. 9424075393, 7724981736 मनोज झांझोट मो.नं. 6268449110, राकेश ललावत मो.नं. 7000128812 को देकर नगर को साफ-स्वच्छ बनाने में सहयोग प्रदान करें।

प्रसारण

प्रसारण 30/12/21

**अच्छी खबर** • छह सड़कों के काम शुरू, एक सप्ताह में बाकी सड़कों का भी होने लगेगा काम, 17 के टेंडर हुए

# उम्मीद... 2022 में शहर के रास्तों पर नजर नहीं आएंगे गड्ढे

# डामरीकरण व सीमेंट-कांक्रीट की 38 सड़कें बनना हुईं शुरू

भास्कर संवाददाता | रतलाम

दो दिन बाद शुरू होने वाले नए साल 2022 में शहर की कोई गड्ढेदार नहीं रहेगी। रोडमैप को अमलीजामा पहनाते जल्द ही 38 सड़कें नई बन जाएगी। इनमें से कुछ पर सीसी तो कुछ पर डामरीकरण होगा। टेंडर की कार्रवाई पूरी होकर 15 सड़कों के वर्क ऑर्डर जारी हो चुके हैं।

पूर्णेश्वर महादेव मंदिर, पदमश्री वाली गली, अलकापुरी अंबे माता चौक से सी कॉलोनी समेत 6 सड़कों के काम शुरू भी हो चुके हैं। एक सप्ताह में बाकी की सड़कों की दशा सुधरने लगेगी। इसके अलावा बुधवार तक दो बार में 17 सड़कों के टेंडर खुल गए हैं। तीन-चार दिन में इनके वर्क ऑर्डर जारी हो जाएंगे। खास बात यह है कि सड़क निर्माण की मॉनिटरिंग खुद विधायक चेतन्य काश्यप कर रहे हैं।

## बेहतर होंगे सड़कों के हालात... शहर के कई क्षेत्रों में सड़कों का काम शुरू भी हो चुका है



पूर्णेश्वर महादेव मंदिर वाली सड़क जिसे अब सीमेंट-कांक्रीट का बनाया जाएगा।

### फिर शुरू हुआ शहर की सड़कों का पेचवर्क, टेंडर जारी

इधर सड़कों का पेंचवर्क शुरू हो गया है। यह दीपावली के पहले से बंद था। शिकायतें मिलने पर कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम निगम अफसरों से जवाब-तलब किया था। इसके बाद तीन दिन सड़कों का पेंचवर्क होने लगा है। इसके लिए दीपावली के पहले ही ठेकेदार बलवीर सिंह राठौर को 80 लाख का टेंडर दिया जा चुका है। उसने दीपावली के पहले कुछ सड़कों का पेंचवर्क कर काम बंद कर दिया था। अब निगम के कर्मचारी खुद खड़े रहकर पेंचवर्क करवा रहे हैं।

### आज इंजीनियरों से अपडेट लेंगे कमिश्नर

इधर सड़क निर्माण और रोडमैप को लेकर गुरुवार को नगर निगम कमिश्नर सोमनाथ झारिया ने पीडब्ल्यूडी के सारे इंजीनियरों को तलब कर लिया है। इस मीटिंग में भी कमिश्नर सड़कों के संबंध में चल रही कार्रवाई का अपडेट लेंगे। आयुक्त झारिया ने बताया लगभग 15 से 20 सड़कों के और एस्टीमेट तैयार हो रहे हैं। जल्द ही उनकी भी टेंडर प्रोसेस शुरू कर दी जाएगी। सबकुछ सामान्य तरीके चला तो बारिश के पहले लगभग सारी सड़कें ठीक हो जाएगी।

### इन सड़कों की दशा सुधारने का रोडमैप

सीवरेज सिस्टम और पाइप लाइन की खुदाई से खस्ताहाल हो चुकी सड़कों को ठीक करने के लिए विधायक चेतन्य काश्यप ने निगम से रोडमैप तैयार करवाया है। इसमें शहर की प्रमुख समेत कॉलोनियों और मोहल्लों की सड़कों को मिलाकर 166.78 किमी लंबी रोड को शामिल किया गया है। वहीं 7 प्रमुख सड़कों को फोरलेन जितना तथा 20 संकरी पुलिया को भी चौड़ा करना योजना का हिस्सा है। इस पूरे काम पर 126.53 करोड़ रुपए खर्च होंगे।

### इन सड़कों के वर्क ऑर्डर हो चुके जारी

- जय बाबा स्कूल की सड़क (वार्ड-5)
- राकेट लांड्री से आरोग्य हनुमान मंदिर तक (वार्ड 39-40)
- 80 फीट रोड से रत्नपुरी (वार्ड-9)
- इंद्रलोक नगर मुख्य मार्ग (वार्ड-6)
- विनोबा नगर टंकी से ग्लोबस कॉलोनी गेट (वार्ड-5)
- अंबे माता चौक से राधाकृष्ण मंदिर होकर सांई बिल्डिंग तक (वार्ड-7)
- चांदमारी से रेलवे अस्पताल (वार्ड-1)
- मुक्तिधाम से गुरु रामदास पब्लिक स्कूल होकर देवरादेवनारायण नगर तक (वार्ड- 4, 5)
- डीडी नगर ओवरहैड टैंक परिसर तक (वार्ड-4)
- सैलाना फोरलेन पद्मश्री से कस्तूरबानगर गली नंबर सात तक (वार्ड-12)
- मॉर्निंग स्टार स्कूल के सामने वाली रोड (वार्ड-6)
- सुयोग परिसर वाली रोड (वार्ड-6)
- फकीरचंद की गुमटी से त्रिवेणी मुक्तिधाम (वार्ड-22, 23)
- डोंगरे नगर पानी की टंकी वाली रोड (वार्ड -11)
- अलकापुरी अंबे चौक से सी कॉलोनी (वार्ड-7)

भास्कर

दै. भास्कर 30/12/21

**मंगलवार की समय सीमा समाप्त**

# हड़ताल का मामला: नगर निगम से नहीं जारी हुई 361 की सूची

रतलाम. नगर निगम में संयुक्त सफाई कर्मचारी संघर्ष समिति ने हड़ताल कर स्वच्छता का कामकाज बंद कर दिया था। इनकी मांग थी कि 2007 के पूर्व के 361 सफाई कर्मचारियों को विनियमितिकरण किया जाए। इस बीच इन कर्मचारियों के खिलाफ कई धाराओं में प्रकरण दर्ज हुए व अधिकारियों के साथ चर्चा में मंगलवार तक सूची जारी करने का आश्वासन दिया गया। अब सूची जारी नहीं होने पर एक बार फिर हड़ताल की धमकी दी गई है।

नगर निगम संयुक्त सफाई कर्मचारी संघर्ष समिति सदस्यों ने बताया कि पूर्व में 20 दिसंबर को सफाई कर्मचारियों के विनियमितीकरण को लेकर व अन्य मांगों को लेकर एसडीम अभिषेक गहलोत, सीएसपी हैमंत चौहान, नगर निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया व उपायुक्त विकास सोंलकी, स्वास्थ्य अधिकारी जीके जायसवाल, कार्यपालनयंत्री सुरेश चंद्र व्यास आदि अधिकारियों के मध्य बैठक में कर्मचारी हितों के लिए फैसला लिया गया था। जिसमें विनियमितीकरण करने हेतु नगर निगम प्रशासन के द्वारा 28 दिसंबर तक का समय मांगा था। मंगलवार को जो छानबीन समिति रिपोर्ट पेश करेगी उसके अंतर्गत कर्मचारियों का विनंतीकरण किया जाएगा, यह भरोसा दिया गया था। आश्वासन पर कर्मचारी नेताओं ने सफाई कर्मचारी साथियों के बीच अधिकारियों को बुलाकर उनके बीच बुलाकर घोषणा भी कराई गई थी के समय रहते पात्र सफाई कामगार का विनियमितीकरण किया जाएगा। लेकिन अब तक सकारात्मक नतीजे सामने नहीं आए है। जिसके कारण सफाई कर्मचारियों में काफी नाराजी है। नगर निगम संयुक्त सफाई कर्मचारी संघर्ष समिति अध्यक्ष राम कल्याणे, महामंत्री विजय खरे, सदस्य कमल भाटी, संजय पैमाल, कमल शिंदे, यशवंत फतरोड आदि ने बयान जारी कर रहा है कि शीघ्र सूची जारी नहीं की गई तो कर्मचारी फिर हड़ताल करेंगे।

पत्रिका 30/12/21

# त्रिवेणी मेला परिसर का निगम आयुक्त झारिया द्वारा निरीक्षण



**प्रसारण न्यूज • रतलाम**

त्रिवेणी के पावन तट पर नगर निगम द्वारा आयोजित किये जा रहे 11 दिवसीय त्रिवेणी मेले की व्यवस्थाओं का जायजा निगम आयुक्त श्री झारिया ने उपायुक्त एवं मेलाधिकारी विकास सोलंकी के साथ किया।

निगम आयुक्त श्री झारिया ने मेला परिसर क्षेत्र के समीप संत नगर में निजी भूमि पर लगी दुकानों का निरीक्षण कर दुकानदारों का निर्देषित किया कि मेला शासकीय है इसलिये वे अपनी दुकाने निजी भूमि पर ना लगाते हुए मेला परिसर में अपनी दुकानें लगायें दुकाने लगाये जाने हेतु स्थल की कोई कमी नही है।

त्रिवेणी मेले के निरीक्षण के दौरान निगम आयुक्त श्री झारिया ने मेले में 31 दिसम्बर से 3 जनवरी तक आयोजित किये जाने वाले सांस्कृतिक कार्यक्रम की संपूर्ण व्यवस्था मंच, टेन्ट, बैठक व्यवस्था, प्रकाश, विद्युत सज्जा आदि व्यवस्थाऐं समय-सीमा में पूर्ण करने के निर्देष दिये।

इसके अलावा उन्होंने कहा कि यह मेला कलेक्टर एवं निगम प्रशासक कुमार पुरुषोत्तम के निर्देशानुसार जीरो वेस्ट की थीम पर आयोजित है इसलिये मेले में किसी प्रकार का कचरा एवं गंदगी ना दिखाई दें।

दुकानदार व मेले में आने वाले नागरिक. पॉलीथीन व डिस्पोजल का उपयोग ना करें इसकी सुनिश्चिता की जाये। उन्होने मेले में सफाई, प्रकाश, पेयजल सहित अन्य व्यवस्थाऐं नियमित रूप से करवाये जाने के निर्देष दिये।

इस अवसर पर सहायक स्वास्थ्य अधिकारी ए.पी. सिंह, उपयंत्री सुहास पंडित, ब्रजेश कुशवाह, मनीष तिवारी, कैमिस्ट नीरज शुक्ला, पूर्व क्षेत्रिय पार्षद प्रतिनिधि राकेश मीणा आदि उपस्थित थे।

प्रसारण 30/12/21

# अवैध घोषित होंगी कृषि भूमि पर बनी काटेज कालोनियां

## डायवर्शन के बाद बगैर टीएनसीपी के बना दी सड़क, नामांतरण भी लग सकती है रोक

रतलाम (नईदुनिया प्रतिनिधि)। कृषि भूमियों के डायवर्शन के बाद विकसित की गई काटेज कालोनियों पर सख्त कार्रवाई को लेकर प्रशासन अब ऐसे क्षेत्रों को पूरी तरह से अवैध घोषित करने की तैयारी में है। कुछ कालोनियों को डेवलपर को नोटिस जारी होने के बाद मिले जवाब में दस्तावेजी तथ्य नहीं दिए गए हैं। इससे कार्रवाई का रास्ता साफ हो गया है। कार्रवाई की शुरुआत बिबड़ौद रोड क्षेत्र से हो सकती है। अवैध घोषित होने पर संबंधित भूमियों के भूखंड आदि की खरीद-बिक्री व नामांतरण भी रोक लग जाएगी।

मालूम हो कि बिबड़ौद रोड पर कई जगह कृषि भूमि पर काटेज के नाम पर अवैध कालोनी विकसित की गई है। इसी तरह शहर के करमदी रोड, कनेरी रोड, सेजावता-बंजली बायपास, नंदलई रोड, ईसरथूनी रोड, डेलनपुर, ईटावा माताजी रोड सहित अन्य प्रमुख मार्गों पर गत पांच वर्षों में काटेजों के नाम पर 5500 वर्गफीट से लेकर 10 से 20 हजार वर्गफीट तक भूखंड बेचे गए। इससे अवैध बसाहट बढ़ने लगी है और शासन को राजस्व का नुकसान भी पहुंच रहा है।



बिबड़ौद रोड पर कृषि भूमि का डायवर्शन कर बड़े भूखंड बेचकर सड़क बना दी गई है। • नईदुनिया

### पार्श्वनाथ डेवपलर्स ने नोटिस का दिया जवाब

कालोनी सेल से किरण पत्नी कमल कुमार पिरोदिया, महेंद्र कुमार बसंतीलाल पिरोदिया, मै. पार्श्वनाथ डेवलपर्स भागीदार पवन पुत्र पारसमल पिरोदिया व अन्य को कालोनी सेल से नौ नवंबर को जारी नोटिस में ग्राम खेतलपुर स्थित सर्वे क्रमांक 34/17, 34/18, 34/24, 1/8, 1/9, 1/10, 1/1 पर अवैध कालोनी (काटेज) विकसित किए जाने को लेकर तीन दिन में कालोनी स्वीकृति के दस्तावेज, टीएनसीपी व नगर निगम से अनुमति, डायवर्शन सहित रेरा व अन्य अनुमति की जानकारी मांगी गई थी। पार्श्वनाथ डेवलपर्स को दो साल में तीसरी बार नोटिस मिला है। इससे पहले जनवरी 2020 में नोटिस दिया गया था। नौ नवंबर को मिले नोटिस के जवाब में जो दस्तावेज मिले हैं, उन्हें पर्याप्त नहीं माना गया है। इसमें डायवर्शन के अतिरिक्त कोई ठोस तथ्य प्रस्तुत नहीं किए गए।

### इस तरह हो रहा आमजन व शासन को नुकसान

**1 : आवास का सपना महंगा-** शहर से 12 से 15 किमी की दूरी में सभी प्रमुख मार्गों पर काटेज कालोनियां बन चुकी हैं। इनमें भूखंडों की साइज एक बीघा, 10 या 20 हजार वर्गफीट रखी जाती है। छोटे भूखंड नहीं होने से आमजन को बेहद अंदर के क्षेत्रों में भी 1500 से 2000 रुपये वर्गफीट में आवास के लिए भूखंड नहीं मिल पा रहे हैं। विधिवत कालोनी विकसित होने पर छोटे भूखंड मिलने से मध्यमवर्गीय, निम्नवर्गीय परिवार बैंक ऋण आदि से आवास बना सकते हैं।

**2 : विकास शुल्क, आश्रय निधि नहीं मिल रही-** यदि एक लाख वर्गफीट भूमि पर निगम, ग्राम पंचायत से विधिवत अनुमति लेकर कालोनी विकसित की जाती है तो 50-55 हजार वर्गफीट भूमि ही भूखंड के रूप में मिलती है। इसमें कालोनाइजर के लिए नाली, बिजली, सड़क, उद्यान, पानी की सुविधा देना अनिवार्य होता है। इसके साथ ही नगर निगम में विकास अनुमति, आश्रय निधि, टीएनसीपी शुल्क, बिजली कंपनी में भी तय शुल्क भरना पड़ता है। जो करीब एक करोड़ रुपये होता है। काटेज कालोनी में जमीन का 90 प्रतिशत हिस्सा भूखंड के रूप में उपयोग कर सिर्फ सड़क बना दी जाती है। नई.

### गोदाम की अनुमति पर बना लिया सकून गार्डन

बिबड़ौद रोड पर जयंतसेन धाम के समीप स्थित सकून गार्डन की जांच के आदेश सोमवार को कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम ने दिए थे। जांच प्रतिवेदन व संचालक को जारी नोटिस में मिले तथ्यों में टीएनसीपी से ली गई अनुमति व्यावसायिक गोदाम की होना पाई गई है। गोदाम की अनुमति पर मैरिज गार्डन संचालित किया जा रहा है। यहां भी प्रशासन कार्रवाई की तैयारी में है। अगले सप्ताह तक आदेश जारी होने की संभावना है।

" भूमि का डायवर्शन कराने के ब[...] भी किसी भी तरह की कालोनी निर्माण के लिए टीएनसीपी से अनुमति आवश्यक होती है। अपनी इच्छा से स[...] नहीं बनाई जा सकती है।

-जीएल वर्मा, सहायक संचा[...]
नगर व ग्राम निवेश वि[...]

नगर निगम एक्ट में कालोनियों को लेकर जो प्रावधान है, उसका पालन क[...] तय शुल्क जमा कराने के साथ ही सभ[...] सुविधाएं देने के लिए कालोनाइजर बा[...] होता है। काटेज कालोनी में राजस्व नुकसान तो होता ही है, अवैध बसाहट भी बढ़ावा मिलता है। -सोमनाथ झारिया, निगमायुक्त

नईदुनिया 30/12/21

# विधायक कार्यालय पहुंचे कबाड़ बिनने वाले, लगाई न्याय की गुहार

● रतलाम

**शहर के भीतर ज्वलनशील पदार्थ और कबाड़ की दुकानों को हटाने की कार्रवाई के बीच मंगलवार को जमकर विरोध देखा गया। बिरियाखेड़ी में कबाड़ गोदाम हटाने के दौरान अधिकारियों के सामने विरोध जताने के बाद आक्रोशित कबाड़ बिनने वाली महिलाएं एवं गोदाम संचालक स्टेशन रोड स्थित विधायक चेतन्य काश्यप के निवास पहुंचे।**

## एसडीएम-सीएसपी की समझाइश के बाद लौटे

भेदभावपूर्ण कार्रवाई का आरोप लगाते हुए महिलाओं ने कहा कि जिला प्रशासन के कारण वह रोजी-रोटी के संकट से जूझ रहे हैं। करीब दो घंटे तक ले लोग हंगामा करते रहे, इस बीच शहर विधायक चेतन्य काश्यप मंत्री मोहन यादव के साथ कार्यक्रम में व्यस्त थे। सूचना के बाद एसडीएम और सीएसपी मौके पर पहुंचे और समझाइश के बाद महिलाएं और गोदाम संचालकों ने ज्ञापन सौंपा।

बता दें कि मोहननगर क्षेत्र में करीब दो माह पूर्व प्लास्टिक के गोदाम में भीषण आग की घटना के बाद जिला प्रशासन ने शहर के भीतर ज्वलनशील पदार्थ और कबाड़ की दुकानों को



हटाने का निर्णय लिया था। शुरुआत हाट रोड स्थित कबाड़ दुकान हटाने के बाद मंगलवार को बिरियाखेड़ी क्षेत्र में कार्रवाई हुई। कार्रवाई के दौरान बड़ी संख्या में कबाड़ बिनने वाली महिलाएं एकत्र हो गई और उन्होंने विरोध जताया। सूचना पर एसडीएम अभिषेक गेहलोत, नगर निगम कमिश्नर सोमनाथ झारिया एवं सीएसपी हेमंत चौहान को भी विरोध का सामना करना पड़ा। इसके बाद आक्रोशित महिलाएं और गोदाम संचालक सहित उनके परिवार के सदस्य बड़ी संख्या में स्टेशन रोड विधायक निवास पहुंचे। विधायक काश्यप से मिलकर समस्या को अवगत कराने की जिद पर अड़े रहने के करीब 1 घंटे बाद मौके पर एसडीएम गेहलोत पहुंचे तब उनसे कबाड़ गोदाम संचालकों ने कहा कि जैसे गोल्ड कॉम्पलेक्स बनाकर सराफा व्यवसायियों को शिफ्ट किया जाएगा उसी तरह उन्हें भी निश्चित स्थान दिया जाए। एसडीएम गेहलोत ने रिहायशी इलाके से बाहर गोदाम बनाने की समझाइश दी।

अभिलाषा। २९

अभिलाषा। २९/१२/२१

# शहर होगा सिगरेट बड्स के कचरे मुक्त

प्रसारण न्यूज़ • रतलाम

शहर को सिगरेट बड्स के कचरे से मुक्त किये जाने हेतु रिलाईव ईको फाउन्डेशन व कामधेनू इण्डस्ट्रीज के सहयोग नगर के 32 पान व सिगरेट की दुकानों पर सिगरेट बड्स बीन लगाये गये। निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया ने बताया कि रिलाईव ईको फाउन्डेशन व कामधेनू इण्डस्ट्रीज द्वारा एक कदम स्वच्छता की ओर के नारे को सार्थक करते हुए रतलाम नगर के पर्यावरण सुधार हेतु एक अनूठी पहल की है। धूम्रपान करने वाले लोग सिगरेट के बचे हुए हिस्से को सिगरेट बड्स बीन में डालेंगे तो इसका कचरा यहां-वहां नहीं फैलेगा व पर्यावरण दूषित नहीं होगा। बीन पर फाउण्डेशन का मोबाईल नम्बर दिया गया है दुकानदार बीन भरने की सूचना इस मोबाईल नम्बर पर देने पर फाउण्डेशन की टीम द्वारा बीन को खाली किया जाकर बड्स को रिसाईकल हेतु भेजा जायेगा।

फाउण्डेशन के दर्शन अरोड़ा ने बताया की वर्तमान में 32 दुकानों पर बीन लगाये गये है इसकी सफलता को देखते हुए शहर की सभी पान व सिगरेट की दुकानों पर बीन लगाये जायेंगे।

प्रसारण 30/12/21

# रात्रिकालिन सफाई के 7 कर्मचारियों का एक दिवस का वेतन काटा

**रतलाम।** शहर के व्यावसायिक क्षेत्र स्टेशन रोड, दो बत्ती, लोकेन्द्र भवन रोड, पावर हाउस रोड, कोर्ट तिराहा आदि क्षेत्रों के रात्रिकालीन सफाई व्यवस्था का निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया द्वारा निरीक्षण किये जाने पर 7 कर्मचारियों द्वारा अपने कर्तव्य स्थल पर अनुपस्थित पाये जाने पर संबंधित कर्मचारियों का एक दिवस का वेतन काटने व सेवा से बर्खास्त किये जाने हेतु कारण बताओ सूचना पत्र जारी किये जाने के निर्देश संबंधित को दिये। 28 दिसम्बर मंगलवार को रात्रिकालीन सफाई व्यवस्था के निरीक्षण के दौरान दौलत-राजू, प्रशांत ओसान, धनराज-बसंत, नरेन्द्र-विजय, आकाश-मुकेश, शेखर-सोहन व अजय-बसंत द्वारा अपने कर्तव्य स्थल से अनुपस्थित पाये जाने पर एक दिवस का वेतन काटा जाकर सेवा से बर्खास्त किये जाने का कारण बताओ सूचना-पत्र जारी किया गया।

प्रसारण 30/12/21

# रात में सफाई के दौरान 7 कर्मचारी गैर हाजिर, कटेगा 1 दिन का वेतन

**रतलाम।** शहर के स्टेशन रोड, दो बत्ती, लोकेंद्र भवन रोड, पावर हाउस रोड, कोर्ट तिराहा आदि क्षेत्रों के रात्रिकालीन सफाई व्यवस्था का निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया ने निरीक्षण किया। 7 कर्मचारी गैर हाजिर मिले। आयुक्त ने संबंधित कर्मचारियों का एक दिन का वेतन काटने के निर्देश दिए। जिनका वेतन कटेगा। उनमें दौलत पिता राजू, प्रशांत पिता ओसान, धनराज पिता बसंत, नरेंद्र पिता विजय, आकाश पिता मुकेश, शेखर पिता सोहन व अजय-बसंत है। एक दिन का वेतन काटने के साथ ही बर्खास्त करने का नोटिस भी जारी किया है।

दै. भास्कर 30/12/21

# छह गोदाम मालिकों ने खुद ही हटा लिए निर्माण

**रतलाम।** नगर निगम द्वारा शहर में कबाड़ सेंटर, प्लास्टिक, प्लास्टिक से निर्मित सामग्री, लकड़ी, तेल, आइल, डीजल, गैस सिलिंडर एवं अन्य खतरनाक वस्तुओं के गोदाम व दुकानों को हटाया जा रहा है। बुधवार को निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया व एसडीएम अभिषेक गेहलोत, जावरा रोड पहलवान बाबा की दरगाह पर दो, नाहरपुरा में एक, श्रीमालीवास में एक व मोमिनपुरा में दो ज्वलनशील वस्तुओं के गोदाम का निरीक्षण किया। निगम के नोटिस के आधार पर गोदाम मालिकों द्वारा स्वयं ही निर्माण हटा लिए गए। नाहर पुरा क्षेत्र में गोदाम मालिक प्रभुलाल-पन्नालाल द्वारा कचरा एवं गंदगी करने पर 10000 रुपये व जावरा रोड पहलवान बाबा की दरगाह के सामने गोदाम मालिक खुर्शीद अनवर मंसूरी-एहमद नूर मंसूरी द्वारा कचरा एवं गंदगी करने पर 5000 रुपये का जुर्माना किया गया।

## सिगरेट बड्स के कचरे से मुक्त होगा शहर

**रतलाम।** शहर को सिगरेट बड्स के कचरे से मुक्त करने के लिए रिलाइव ईको फाउन्डेशन व कामधेनू इंडस्ट्रीज के सहयोग से शहर के 32 पान व सिगरेट की दुकानों पर सिगरेट बड्स बीन लगाए गए हैं। निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया ने बताया कि धूम्रपान करने वाले लोग सिगरेट के बचे हुए हिस्से को सिगरेट बड्स बीन में डालेंगे तो इसका कचरा यहां-वहां नहीं फैलेगा। बीन भरने पर दुकानदार से सूचना दिए गए मोबाइल नम्बर पर मिलने के बाद फाउण्डेशन की टीम द्वारा बीन को खाली कर बड्स को रिसाइकल के लिए भेजा जाएगा।

नईदुनिया 30/12/21

# सात कर्मचारियों का एक दिन का वेतन काटा

**रतलाम।** शहर के व्यावसायिक क्षेत्र स्टेशन रोड, दो बत्ती, लोकेंद्र भवन रोड, पावर हाउस रोड, कोर्ट तिराहा आदि क्षेत्रों के रात्रिकालीन सफाई व्यवस्था का निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया द्वारा निरीक्षण करने के दौरान सात कर्मचारी कर्तव्य स्थल पर अनुपस्थित पाए गए। इस पर कर्मचारी दौलत-राजू, प्रशांत ओसान, धनराज-बसंत, नरेन्द्र-विजय, आकाश-मुकेश, शेखर-सोहन व अजय-बसंत का एक दिन का वेतन काटा जाकर सेवा से बर्खास्त करने के लिए कारण बताओ सूचना-पत्र जारी किया गया।

# ज्वलनशील पदार्थों के 6 गोडाउन मालिकों ने अपने गोडाउन स्वयं हटाये

**- कचरा एवं गंदगी करने पर 2 गोडाउन मालिकों पर किया जुर्माना - ज्वलनशील पदार्थ व कबाड़ के व्यापारी शहर से अपने गोडाउन तत्काल हटा लें**

प्रसारण न्यूज • रतलाम

शहर में मोहन नगर व लकड़पीठा क्षेत्र जैसी आगजनी की घटना भविष्य में ना हो इस हेतु कलेक्टर एवं निगम प्रशासक कुमार पुरुषोत्तम के निर्देशानुसार नगर निगम द्वारा नगर में कबाड़ सेन्टर, प्लास्टिक, प्लास्टिक से निर्मित सामग्री, लकड़ी, तेल, आयल, डीजल, गैस सिलेण्डर एवं अन्य खतरनाक वस्तुओं के गोडाउन व दुकानें हटाये जाने हेतु दिये गये नोटिस के बाद भी गोदाम नहीं हटाने पर गोदाम हटाने की कार्यवाही कलेक्टर एवं निगम प्रशासक कुमार पुरुषोत्तम के निर्देशानुसार की जा रही है जिसके तहत निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया व एसडीएम अभिषेक गेहलोत जावरा रोड पहलवान बाबा की दरगाह पर 2, नाहरपुरा में 1 श्रीमालीवास में 1 व मौमिनपुरा में 2 ज्वलनशील गोडाउन का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान नगर निगम द्वारा दिये गये नोटिस के तहत गोडाउन मालिकों द्वारा अपने गोडाउन स्वंय हटा लिये।

नाहर पुरा क्षेत्र में गोडाउन मालिक प्रभुलाल-पन्नालाल द्वारा कचरा एवं गंदगी करने पर 10,000/- व जावरा रोड पहलवान बाबा की दरहगाह के सामने गोडाउन मालिक खुर्शीद अनवर मंसूरी-एहमद नूर मंसूरी द्वारा कचरा एवं गंदगी किये जाने पर 5000 का जुर्माना किया गया।

निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया ने बताया कि वर्तमान समय में कलेक्टर द्वारा ज्वलनशील पदार्थों के भण्डारण पर धारा 144 लागू की गई है। नगर निगम के द्वारा 6 माह पूर्व ज्वलनषील पदार्थों का भण्डारण करने वाले व्यापारियों को अपने गोडाउन शहर से हटाने का नोटिस जारी किये गये थे। ऐसे व्यापारी जिन्होंने नोटिस जारी होने के बाद भी ज्वलनशील पदार्थ कबाड़ सेन्टर, प्लास्टिक, प्लास्टिक से निर्मित सामग्री, लकड़ी, तेल, आयल, डीजल, गैस सिलेण्डर एवं अन्य मानव जीवन के लिये हानिकारक खतरनाक वस्तुओं के गोडाउन नहीं हटाये हैं वे शहर से तत्काल अपने गोडाउन हटा लें अन्यथा नगर निगम एक्ट के तहत चलाये जा रहे अभियान के तहत हटाया जाकर संबंधित के विरूद्ध दण्डात्मक कार्यवाही की जायेगी।

## नगर के विभिन्न स्थानों पर अलाव जलाये

रतलाम। सर्द रातों में नागरिकों की सुविधा को दृष्टिगत रखते हुए निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया के निर्देशानुसार नगर निगम के स्वास्थ्य विभाग द्वारा बाल चिकित्सालय, जिला चिकित्सालय, पांजरा पोल, महू रोड बस स्टैण्ड, बाजना बस स्टैण्ड, सैलाना बस स्टैण्ड, रेलवे स्टेशन, मुखर्जी नगर, कालिका माता, नगर निगम, फायर ब्रिगेड, चांदनी चौक, गौशाला रोड पेयजल टकी, ऋतुराज सम्पवेल सहित नगर के विभिन्न सार्वजनिक स्थल एवं चौराहों पर गत रात्रि अलावा जलाये गये।

५ सोरख

प्रसारण 30/12/21

# अमृत सागर से जलकुंभी निकालने के कार्य का निगम आयुक्त झारिया द्वारा निरीक्षण



प्रसारण न्यूज़ ◆ रतलाम

अमृत सागर तालाब के संरक्षण व संवर्धन, उन्नयन एवं समेकित प्रबंधन परियोजना के प्रथम चरण में तालाब से जलकुंभी निकालने हेतु क्रय की गई एक्वेटिक विड हार्वेस्टर मशीन द्वारा किये जा रहे कार्य का निरीक्षण निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया ने कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिये।

निगम आयुक्त श्री झारिया ने तालाब से जलकुंभी निकालने के कार्य की एक्वेटिक विड हार्वेस्टर मशीन द्वारा किये जा रहे कार्य का निरीक्षण किया इस दौरान उन्होंने निर्देशित किया कि निकाली गई जलकुंभी जुलवानिया ट्रेंचिंग ग्राउण्ड पर ले जाने के बजाय सड़क के उस पर शासकीय भूमि पर फेंसिंग किया जाकर वहां डाला जाकर वेस्ट टू कम्पोस्ट का कार्य किया जाये जिससे अनावश्यक मेहनत व आर्थिक बचत होगी साथ ही जलकुंभी निकालने के कार्य में गति आयेगी।

प्रसारण 30/12/21

# कोरोना अलर्ट : विदेश से आए एक और युवक की रिर्पोट आई पाजिटिव, मेडिकल कालेज में किया गया शिफ्ट

**सिंघम रिपोर्टर ❑ रतलाम**



शहर में विदेश से आया एक 40 वर्षीय युवक की कोरोना सैंपल रिपोर्ट पॉजिटिव आई है । अभी तक शहर में तीन पाजिटिव केस मिले है और तीनों ही विदेश से लौटे है। आज पॉजिटिव मिले युवक को मेडिकल कॉलेज में शिफ्ट कर दिया गया है।

मेडिकल कॉलेज के आधिकारिक सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार 40 वर्षीय युवक 4 दिन पूर्व कुवैत से आया है। कल युवक का सैंपल लिया गया था जिसकी रिपोर्ट आज पॉजिटिव आई है। उक्त युवक बोहरा बाखल क्षेत्र का निवासी है। युवक की सैंपल रिपोर्ट पॉजिटिव आने के बाद स्वास्थ्य विभाग के अमले ने उसे मेडिकल कालेज शिफ्ट कर दिया है। युवक के घर को कटेंटमेंट कर परिजनों के भी सैंपल लिए जा रहे हैं।

सिंघम २७

सिंघम २७/१२/२१

# विदेश से आए एक और युवक की रिपोर्ट आई पाजिटिव

रतलाम। शहर में विदेश से आया एक 40 वर्षीय युवक की कोरोना सैंपल रिपोर्ट पॉजिटिव आई है। अभी तक शहर में तीन पाजिटिव केस मिले है और तीनों ही विदेश से लौटे है। कल पॉजिटिव मिले युवक को मेडिकल कॉलेज में शिफ्ट कर दिया गया है। मेडिकल कॉलेज के आधिकारिक सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार 40 वर्षीय युवक 4 दिन पूर्व कुवैत से आया है। कल युवक

**मेडिकल कालेज मे शिफ्ट किया**

का सैंपल लिया गया था जिसकी रिपोर्ट आज पॉजिटिव आई है। उक्त युवक बोहरा बाखल क्षेत्र का निवासी है। युवक की सैंपल रिपोर्ट पॉजिटिव आने के बाद स्वास्थ्य विभाग के अमले ने उसे मेडिकल कालेज शिफ्ट कर दिया है। युवक के घर को, कटेंटमेंट कर परिजनों के भी सैंपल लिए जा रहे हैं।

**शहर में अभी तक तीन मामले-** एक बार फिर लगातार कोरोना पॉजिटिव मरीज मिलना शुरु है गए है। शहर के बाजार क्षेत्र में 39 वर्षीय महिला की कोरोना रिपोर्ट पॉजिटिव आई थी। इसके पूर्व विदेश से लौटे एक और युवक की कोरोना रिपोर्ट भी पॉजिटिव आई थ। महिला की कोरोना रिपोर्ट पॉजिटिव आने के बाद उसे भी मेडिकल कॉलेज के कोविड वार्ड में भर्ती किया गया है।

अग्निबाण २७

अग्निबाण २७/१२/२१

## विस्फोटक के गोदाम मालिकों ने कार्रवाई के चलते अपने गोदाम हटाए

रतलाम | ज्वलनशील पदार्थों का भंडारण करने वाले दुकानदारों और गोदाम संचालकों के खिलाफ जिला प्रशासन और नगर प्रशासन की कार्रवाई जारी है। नोटिस के बाद गोदाम संचालकों ने खुद अपने गोदामों हटाना शुरू कर दिए हैं।

जावरा रोड पहलवान बाबा की दरगाह पर 2, नाहरपुरा में 1, श्रीमालीवास में 1 व मोमिनपुरा में 2 गोदाम मालिकों ने अपने गोदाम खुद हटा लिए। नाहरपुरा क्षेत्र में गोडाउन मालिक प्रभुलाल-पन्नालाल द्वारा कचरा एवं गंदगी करने पर 10 हजार रुपए, जावरा रोड पहलवान बाबा की दरगाह के सामने गोडाउन मालिक खुर्शीद अनवर मंसूरी-एहमद नूर मंसूरी द्वारा कचरा एवं गंदगी करने पर 5 हजार रुपए का जुर्माना किया। एसडीएम अभिषेक गेहलोत, आयुक्त सोमनाथ झारिया सहित निगम का अमला मौजूद था।

## शहर होगा सिगरेट बड्स कचरा मुक्त, पान और सिगरेट की दुकानों पर लगा रहे बड्स बिन

रतलाम | आगामी दिनों में शहर सिगरेट बड्स के कचरे से मुक्त होगा। इसके लिए रिलाइव ईको फाउंडेशन व कामधेनु इंडस्ट्रीज के सहयोग शहर में सिगरेट बड्स बिन लगाए जा रहे हैं। अब तक 32 पान व सिगरेट की दुकानों पर इन्हें लगाया है।

आयुक्त सोमनाथ झारिया ने बताया रिलाइव ईको फाउन्डेशन व कामधेनु इंडस्ट्रीज द्वारा एक कदम स्वच्छता की ओर के नारे को सार्थक करते हुए पर्यावरण सुधार हेतु अनूठी पहल की है। धूम्रपान करने वाले लोग सिगरेट के बचे हुए हिस्से को सिगरेट बड्स बिन में डालेंगे तो इसका कचरा यहां-वहां नहीं फैलेगा व पर्यावरण दूषित नहीं होगा। बिन पर फाउंडेशन का मोबाइल नंबर दिया है। भरने पर इस पर सूचना देने पर टीम पहुंचेगी और इसे खाली कर देगी। इसके बाद बड्स को रिसाईकिल हेतु भेजा जाएगा। फाउंडेशन के दर्शन अरोड़ा ने बताया वर्तमान में 32 दुकानों पर बिन लगाए हैं। सफलता के बाद शहर की सभी पान और सिगरेट दुकानों पर इसे लगाया जाएगा। ऐसे लोग जो धूम्रपान करते हैं वे धूम्रपान के बाद पान व सिगरेट की दुकानों पर लगाए सिगरेट बड्स बिन में ही सिगरेट के बचे हुए हिस्से (बड्स) डालें। ताकि शहर साफ रह सकें। भास्कर

दै. भास्कर 30/12/21